# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद

संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 13 दिनांक 3/3/06

दिनांक–02.03.2006 को सम्पन्न नवगठित केन्द्रीय कार्यकारणी समिति की बैठक की कार्यवाही:–

1. उपस्थिति पंजी के अनुसार ।
2. बैठक की अध्यक्षता माननीय श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, संयुकत सचिव, वित्त विभाग के द्वारा की गई ।
3. बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष/महासचिव के द्वारा नवगठित केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया गया एवं शुभकामनायें दी ।
4. बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित कियें गयें:–

(i) संध के पदाधिकारीयों के विरुद्ध हो रहे मुकदमों पर चिंता व्यक्त की गई एवं इस बात की आवश्यकता महसूस किया गया कि संध के केन्द्रीय स्तर पर विधिक मामलों पर देख–रेख के लियें विधिक सलाहाकार की नियुक्ति की जाय जिससे कि केन्द्रीय स्तर से ''संध'' के पदाधिकारीयों के विरुद्ध हो रहे मुकदमों पर पैनी दृष्टि रखी जा सकें ।

(ii) सर्वसममति से श्री एहसानुर्दीन अमानुल्लाह, अधिवकता, पटना उच्च न्यायालय को संध को विधिक सलाहाकार नियुक्ति किया गया एवं इनका मानदेय 10,000 (दस हजार) रु० (वार्षिक) निर्धारित किया गया । मानदेय का भुगतान बिहार प्रशासनिक सेवा संध के निधि से किया जायेगा ।

(iii) केन्द्रीय कार्यकारिणी समति ने अपने जिला ईकाईयों को इसी के अनुरुप जिला स्तर पर एक रिटेनर अधिवक्ता की नियुक्ति का परामर्श देती है, जिन्हें मासिक मानदेय पर जिला ईकाई जिला स्तर पर सदस्यों के विरुद्ध हो रहें मुकदमों पर निगरानी रखेंगीं ; विशेष कर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में निगरानी रखना आवश्यक होगा जिससे कि संध के सदस्यों के विरुद्ध कम्पलेंट केश पर नजर रखा जा सकें ।

(iv) संध द्वारा निर्गत पत्रिका ''प्रशासन'' का प्रकाशन किया जा रहा है । अभी हाल ही में ''प्रशासन'' का 15 वाँ अंक प्रकाशित हुआ । संध के सदस्यों के द्वारा इसका जोरदार स्वागत किया गया एवं संध से अपेक्षा की गई कि प्रत्येक दो महिने में ''प्रशासन'' पत्रिका का प्रकाशन हो । प्रशासन पत्रिका के सम्पादक बिहार प्रशासनिक सेवा संध के अध्यक्ष एवं सह–सम्पादक महासचिव होते हैं परन्तु इसका स–समय एवं सफल प्रकाशन के लियें सम्पादक मंडल का होना आवश्यक समझा गया । तद्ननुसार श्री मोहन कुमार सरकार, उप सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की अध्यक्षता में संपादक मंडल का गठन किया गया:–

1. श्री ओम प्रकाश यादव, कार्यपालक दण्डाधिकारी, रक्सौल – सदस्य ।
2. श्री विनय कुमार, परिवहन राज्य मंत्री के आप्त सचिव – सदस्य ।
3. श्री खुर्शीद आलम, अंचलाधिकारी, बिहटा –सदस्य ।
4. श्री महेन्द्र पाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना – सदस्य ।
5. श्री स्वप्निल, उप सर्माहर्त्ता, मुजफ्फरपुर – सदस्य ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद

संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)


पत्रांक–                                                                 दिनांक...........................

उपर्युक्त संपादक मंडल के द्वारा पदाधिकारियों से "प्रशासन" मैगनीज हेतु आलेख/परिपत्र/अधिसूचना आदि एकत्रित किया जायेगा और संपादक मंडल के अध्यक्ष के समझ प्रस्तुत किया जायेगा । संपादक मंडल के अध्यक्ष इसकी जॉच कर संपादक/ सह–संपादक की अनुमति से प्रकाशन एवं वितरण हेतु कारवाई करेंगें ।

(v) केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति में इस बात की चर्चा की गई कि सरकार द्वारा प्रशिझण की समुचित व्यवस्था नहीं कियें जानें के फलस्वरुप नीचले स्तर से पदस्थापित हमारे अधिकारी जानकारी के अभाव में अपने कार्यो के सम्पादन में कठिनाई अनुभव करते है । इसके लिए संध के द्वारा प्रशिक्षण/रिफ्रेसर कोर्स की समुचित व्यवस्था करने हेतु सरकार से अनुरोध किया गया । संध के द्वारायह भी निर्णय लिया गया कि जिला स्तर पर समुचित प्रशिक्षण व्यवस्था अपने सदस्यों के द्वारा करायी जाय जिसमें संध की अन्य समस्याओं पर विचार के साथ–साथ नव– नियुक्त पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा सकें । केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा समय–समय–पर एक पैनल तैयार किया जायेगा जो अध्यक्ष/महासचिव के निदेश पर जिलों में जाकर प्रशिक्षण की व्यवस्था वहाँ के पदाधिकारियों से मिलकर करेंगें ।

(vi) पटना जिला ईकाई द्वारा इधर हाल में कई सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुचारु रुप से किया गया है । इस सांस्कृतिक चेतना को जिला स्तर पर लायें जानें के लिए केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा एक सांस्कृतिक सेल का गठन किया गया ।इस सेल के अध्यक्ष श्री मोहन कुमार सरकार, उप सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग होंगें तथा उपाध्यक्ष सचिव सह संयोजक क्रमशः – श्री केशव रंजन प्रसाद, कार्य० दण्डा० पटना, एवं श्रीमती नीलम चौधरी, पटना, कार्य० दण्डा० पटना होगें ।

इस समिति के निम्नलिखित सदस्य होगें :–

1. श्री मधु गुप्ता, उप निदेशक, पंचायत भागलपुर ।
2. श्री अजय कुमार सिन्हा, निदेशक, लेखा एवं प्रशासन, डी०आर०डी०ए०, जहानाबाद– सदस्य ।
3. श्री पी० पी० शर्मा, अनुमंडलाधिकारी, छपरा सदर – सदस्य ।
5. श्री नील कमल, जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना – सदस्य ।
5. श्री ओम प्रकाश यादव, कार्यपालक दण्डाधिकारी, रक्सौल – सदस्य ।
6. श्री रजनीश कुमार सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पटना – सदस्य ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)


पत्रांक– दिनांक.................

यह निर्णय लिया गया कि बिहार प्रशासनिक सेवा संघ का पूर्व से संचालित भारतीय स्टेट बैंक, कदम कुँआ का बचत खाता सं०–10165937451 को सांस्कृतिक फोरम हेतु कर्णाकित कर दिया जाय और इसमें संचित की गई राशि का व्यय सांस्कृतिक कार्यो में किया जाय ।

(vii) समय–समय पर सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु/गंभीर रुप से बीमार होने के कारण ईलाज करने हेतु समूचित व्यवस्था एवं अन्य कठिनाईयों के लियें सदस्यों के कल्याण कोष में ज्यादा से ज्यादा राशि संचित करने का निणर्य लिया गया । इस हेतु सभी जिला ईकाईयों से अनुरोध किया गया कि प्रति सदस्य 200/रु की राशि वसूली कर केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति को भेजें जिससे कि कल्याण कोष को सुदृढ़ किया जा सकें ।

(viii) श्री हेमन्त कुमार सिंह, केयर टेकर को वर्ष–2005 के लिए इनके दैनिक वेतन की राशि में 200/रु० बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया ।

(ix) दैनिक समाचार पत्रों में लक्षित जन वितरण प्रणाली से संबंधित गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालें परिवारों में लाल राशन कार्ड उपलब्ध करानें एवं इस योजना के अन्तर्गत खाद्यान्न व्यवस्था कियें जाने के संबंध में समाचारों पत्रों में प्रकाशित कियें जा रहें समाचारों पर चिंता व्यक्त की गई एवं अपराधिक संलिप्तता और प्रशासनिक विफलता को दो दृष्टिकोण से देखने हेतु मुख्य सचिव/निगरानी आयुक्त/कार्मिक सचिव से पत्राचार करनें का निर्णय लिया गया । इस विन्दु पर अन्य कार्रवाई के लिए अध्यक्ष/ महासचिव अधिकृत किय गये ।

(x) अंत में अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाही सम्पन्न की गई ।

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष

ज्ञापांक– 13 /वि०प्र०से०सं०, पटना, दिनांक– 3/3/ /मार्च,2006.

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार,/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार/मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव एवं विशेष, सचिव, मुख्य मंत्री सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

ज्ञापांक– 13 दिनांक– 3/3/06

प्रतिलिपि– सभी जिला के अध्यक्ष/ सचिव/केन्द्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव